## दिनांक 02.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे से आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त :–

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 02.04.2024 को दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 व उनके टीम के सदस्यगण, सहायक अभियन्तागण जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, सहा0परियोजना प्रबन्धक मेधज तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 व उनके टीम के सलाहकार उपस्थित थे। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

1 – बैठक में परियोजना प्रबन्धक, एल0 एण्ड टी0 से पूछे पर जाने बताया गया कि पूर्व में 1800 श्रमिक कार्य पर लगाये गये थे परन्तु वर्तमान में होली के त्योहार के कारण मजदूरों के चले जाने के कारण संख्या कम हो गई है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निरन्तर सभी बैठकों में श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समयान्तर्गत कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये जाने के बावजूद भी एल0एण्ड टी0 द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिससे स्पष्ट है निर्धारित समयान्तर्गत परियोजना के कार्यों को पूर्ण कराया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं पर श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या बढ़ाकर निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित सुनिश्चित करायें अन्यथा विलम्ब किये जाने की दशा में किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति के लिए आपकी संस्था जिम्मेदार होगी।

**कार्यवाही –अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

2 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष दिनांक 02.04.2024 तक 505 नलकूपों का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसके सापेक्ष 383 नलकूपों में डेवलम्पेन्ट का कार्य पूर्ण है तथा 351 नलकूपों में मोटर पम्प अधिष्ठापित कराकर 233 नलकूपों को कियाशील किया गया है।

| बैठक के दिनांक 02.04.2024 को प्रारम्भ नलकूप कार्य | दिनांक 15.04.2024 तक डेवलेप्मेन्ट पूर्ण नलकूपों की सं0 | दिनांक 15.04.2024 तक मोटर पम्प अधिष्ठापित नलकूपों की सं0 | दिनांक 15.04.2024 तक कियाशील नलकूपों को बढ़ाये जाने की सं0 |
|---|---|---|---|
| 505 | 388 | 361 | 243 |

बैठक में परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.04.2024 तक डेवलेप्मेन्ट पूर्ण नलकूपों की सं0 में 05, नलकूपों के अधिष्ठापन में 10 एवं कियाशीलता में 10 की वृद्धि करते हुए उपरोक्तानुसार क्रमशः 388, 361 एवं 243 नलकूपों के कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें तथा अवशेष नलकूपों के डेवलेप्मेन्ट के कार्य में अपेक्षित प्रगति लायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

3 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल स्वीकृत 531 योजनाओं के सापेक्ष अभी तक मात्र 441 परियोजनाओं पर ओवरहेड टैंक का कार्य प्रारम्भ कराया गया है परन्तु मात्र 194 ओवरहेड टैंक अधिष्ठापित कराकर 135 का कार्य ही कार्य पूर्ण किया गया है। ओवरहेड टैंकों के पूर्णता की प्रगति काफी धीमी है, जिसकी प्रगति बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

| शिरोपरि जलाशय की संख्या | कार्य प्रारम्भ | दिनांक 15.04.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या | दिनांक 15.04.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले ओवरहेड टैंकों की सं0 |
|---|---|---|---|
| 531 | 441 | 204 | 145 |

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि दिनांक 15.04.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले टैंक अधिष्ठापन की संख्या 194 में 10 तथा पूर्ण ओवर हेड टैंक की संख्या 135 में 10 की वृद्धि कर कमशः 204 एवं 145 की संख्या तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.04.2024 तक ओवरहेड टैंकों का कार्य उपरोक्तानुसार संख्या के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

4 – जल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक 420 योजनाओं पर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा प्रस्तावित पाइप लाइन की लम्बाई 8407 कि0मी0 के सापेक्ष अभी तक मात्र 5325 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का ही कार्य पूर्ण कराया गया है तथा अभी तक मात्र 4923 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराया गया है, जिसकी प्रगति काफी कम है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में बताया गया कि रात्री में भी पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। एक–एक कर सभी परियोजनाओं में राजस्व ग्रामवार पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य कराकर टेकअप कर कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

| कार्य प्रारम्भ योजना की सं0 | प्रस्तावित लम्बाई | दिनांक 15.04.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले पाइप लाइन | दिनांक 15.04.2024 तक पूर्ण किये जाने वाले हाइड्रो टेस्ट पाइप लाइन की ल0 |
|---|---|---|---|
| 420 | 8407 कि0मी0 | 5425 कि0मी0 | 4190 कि0मी0 |

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि दिनांक 15.04.2024 तक 100 कि0मी0 पाइप लाइन तथा 40 कि0मी0 पाइप लाइन का हाइड्रो टेस्ट कराकर उपरोक्तानुसार प्रगति सुनिश्चित करायें। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि परियोजनावार रोस्टर तैयार कर एक–एक सप्ताह में राजस्व ग्रामवार पाइप लाइन बिछाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार प्रस्तावित गृह संयोजन संख्या 302490 के सापेक्ष अभी तक 226332 गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया गया है, जो प्रस्तावित के सापेक्ष कम है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि कार्य पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कराकर ग्राम वासियों का गृह संयोजन कराते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

5 – कुल स्वीकृत 531 परियोजनाओं के सापेक्ष अभी तक आपूर्ति किये गये 453 सोलर पैनेल के सापेक्ष मात्र 245 परियोजनाओं पर ही सोलर पैनेल का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 238 परियोजनाओं पर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराया गया है। आपूर्ति किये गये 453 सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ एवं अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की प्रगति अत्यन्त ही धीमी है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में आश्वस्त किया गया कि दिनांक 15.04.2024 तक 12 और सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराकर अधिष्ठापित सोलर पैनेल की संख्या 250 पूर्ण कर ली जायेगी। बैठक में यह भी बताया गया कि पेयजल परियोजना बेलवा विकास खण्ड सेवापुरी में भूमि कम होने के कारण सोलर पैनेल के अधिष्ठापन में कठिनाई हो रही है।

| सोलर पैनेल के मॉग की सं0 | आपूर्ति की गई सोलर पैनेल की सं0 | कार्य प्रारम्भ योजनाओं की संख्या | अधिष्ठापित कराये गये सोलर पैनेल की सं0 | दिनांक 15.04.2024 तक तक अधि0 किये जाने वाले सो0पै0 की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 531 | 453 | 245 | 238 | 250 |

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि उपलब्ध सोलर पैनेल के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ कराने तथा अधिष्ठापित कराये जाने वाले सोलर पैनेल की प्रगति में अपेक्षित वृद्धि लाना सुनिश्चित करें तथा पेयजल परियोजना बेलवा विकास खण्ड सेवापुरी में सोलर पैनेल के अधिष्ठापन की समस्या का निराकरण कराकर कार्य पूर्ण करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

6 – कुल स्वीकृत परियोजना 531 के सापेक्ष अभी तक मात्र 317 पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 245 पम्प हाउस का ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है।
परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों तथा मशीनों की संख्या बढ़ाकर समयान्तर्गत पम्प हाउस के निर्माण का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

7 – बैठक में एल0एण्ड टी0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 09 परियोजनाओं (तहसील पिण्डरा 01, सदर 06 व राजातालाब 02) में भूमि विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है तथा 03 परियोजनाओं पर विवाद के कारण विद्युत पोल के शिफि्टंग का कार्य नहीं हो सका है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में बताया गया कि पिण्डरा में एयर पोर्ट के कारण भूमि की कमी के फलस्वरूप विवाद की स्थिति है।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि कुल 09 परियोजनाओं के भूमि विवाद का निराकरण नियमानुसार सक्षम स्तर से कराते हुए कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें तथा विद्युत पोल शिफि्टंग के विवाद का निस्तारण कराकर अग्रिम कार्यवाही करें। साथ ही परियोजना परिसर में स्थित पेड़ों की कटाई अपने स्तर से कराकर उसे गाम पंचायत को हस्तगत करा दें जिससे कि ग्राम पंचायत द्वारा नीलामी की कार्यवाही कराकर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**कार्यवाही – अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0।**

8 – जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु कुल 1330250 मी0 खड़ंजा/ इण्टरलाकिंग/ सी0सी0रोड/डब्ल्यू बी0एम0 रोड एवं बिटूमिन रोड की कटिंग की गई है जिसके सापेक्ष अब तक 932505 मी0 सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य ही पूर्ण कराया गया है, शेष सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाना बाकी है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा सड़कों के मरम्मत की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। श्री संदीप विश्वास, कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सड़कों के मरम्मत से सम्बन्धित रिपोर्ट का सत्यापन कन्ट्रोल रूम से कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों के अवशेष सड़कों के मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें तथा डी0पी0एम0 मेधज (टी.टी.आई.) को निर्देशित किया जाता है कि उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये सूची में उल्लिखित सड़कों /ग्रामों का पुनः सत्यापन कराकर शतप्रतिशत मरम्मत का कार्य सम्बन्धित के माध्यम से सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – श्री संदीप विश्वास, कन्ट्रोल रूम प्रभारी / परि0प्रब0 एल0एण्ड टी0/डी0पी0एम0 मेधज।**

9 – बैठक में परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 531 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष 233 परियोजनाओं से जलापूति की जा रही है, जिसमें 102 परियोजनाओं में ओवर हेड टैंक के माध्यम से तथा 131 परियोजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति हो रही है।

CamScanner

परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 द्वारा द्वारा बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 200 परियोजनाओं से निरन्तर जलापूर्ति कराई जा रही है, जिसकी सूची उनके द्वारा प्रस्तुत की गई। जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 200 नग परियोजनाओं की सूची का सत्यापन सम्बन्धित विकास खण्डों से कराकर संकलित सत्यापन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण द्वारा बताया गया कि मार्च,2024 तक पूर्णरूप से 90 परियोजनाओं को ही पूर्ण कराया गया है। जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि 90 परियोजनाओं में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदे गये सड़कों के मरम्मत का सत्यापन कर एक सप्ताह में अपनी आख्या प्रस्तुत करेंगे।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/ जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0**

10– एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में बताया गया कि 48 पेयजल परियोजनाओं के परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाना है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम,ग्रामीण तथा परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के समन्वय स्थापित कर परियोजना परिसर में मिट्टी भराई का कार्य कराना सुनिश्चित करायें। उक्त कार्य में जिला विकास अधिकारी,वाराणसी से अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर आगामी 20 दिनों में सभी परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0 जल निगम(ग्रामीण) / परि0प्र0, एल0एण्ड टी0।**

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन निर्धारित समयान्तर्गत सुनिश्चित कराते करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत करायें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।
08/04/24

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 54 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2023–24 दिनांक– 09 अप्रैल,2024

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम,ग्रामीण,वाराणसी।
4 – श्री संदीप विश्वास, प्रभारी कन्ट्रोल रूम, विकास भवन,वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक अधिकारी डी0पी0एम0–वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।
08/04/24

CamScanner